पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने कानपुर में 69 आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने हेतु किट वितरित की

लखनऊः 08 जून, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनन्दी बेन पटेल ने आज अपने एक दिवसीय कानपुर भ्रमण के दौरान कार्यक्रमों के क्रम में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में आयोजित आँगनवाड़ी सहभागिता कार्यक्रम में जनपद के 69 आंगनवाडी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने हेतु आवश्यक सामग्री वितरित की। उक्त सामग्री जनपद की पॉच संस्थाओं द्वारा आंगनवाडी केन्द्रों को सशक्त बनाने के लिये प्रदान की गयी। विश्वविद्यालय के वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई प्रेक्षागृह में आयोजित इस कार्यक्रम में कानपुर जनपद की आँगनवाड़ी कार्यकर्तियों का प्रशिक्षण भी आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में आँगनवाड़ी कार्यकर्तियों को खेल खेल में भाषा, आओं गणित सीखें, आओं विज्ञान करके सीखें, गीत–कहानी/शारीरिक एवं योगा का बहुत ही सरल एवं रूचि पूर्ण तरीके से प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया।

इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए कुलाधिपति एवं राज्यपाल जी ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर उपलब्ध करायी गयी सामग्री, बच्चों के समग्र विकास के लिए बेहद उपयोगी है। उन्होंने कहा कि आँगनवाड़ी के बच्चों द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण भी कराया जाये। श्रेष्ठ प्रस्तुति देने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया जाये। इस अवसर पर कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आंगनवाड़ी को सशक्त करने में विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पढ़ने वाले बच्चे भविष्य में उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित हों और विश्वविद्यालय के छात्र बनें, इसके लिए बचपन से ही इन्हें शिक्षा के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति को

आगे बढ़ाने के लिए सभी की जिम्मेदारी को आवश्यक बताया और कहा कि सेवा भाव से कार्य करने की आवश्यकता है। आप सभी को चाहिए कि वह समाज सेवा के लिए अवश्य कार्य करें। उन्होंने जल संचयन को लेकर जल भरो अभियान के बारे में बताया कि पीने योग्य जल की उपलब्धता कराना कितना आवश्यक है। आंगनवाड़ी किट के माध्यम से स्कूलों में बच्चों के नामांकन की संख्या बढ़ने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्होने भविष्य में भी सभी आंगनवाडी केंद्रों को सशक्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने मटकी में जलधारा प्रवाहित कर जल भरो कार्यक्रम के साथ जल संरक्षण का संदेश भी दिया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय द्वारा सुदृढ़ीकृत आँगनवाड़ियों से संबंधित वृत्तचित्र (डाक्यूमेन्ट्री) का प्रदर्शन किया गया। इस डाक्यूमेन्ट्री में विश्वविद्यालय द्वारा सुदृढ़ीकृत आँगनवाड़ियों के हो रहे कार्यों का विवरण दिखाया गया।

कार्यक्रम में कानपुर नगर की महापौर, श्रीमती प्रमिला पाण्डेय तथा श्रीमती बेबी रानी मौर्य, मा0 मंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

कानपुर जनपद की आँगनवाड़ियों को आवश्यक सामग्री प्रदान कर सुविधा संपन्न बनाने के कार्यक्रम में श्रीमती बेबी रानी मौर्य, मा0 मंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार, श्रीमती प्रमिला पाण्डेय, महापौर, कानपुर नगर, श्रीमती प्रतिभा शुक्ला, मा0 मंत्री महिला कल्याण बाल विकास एवं पोषण, तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। आँगनवाड़ी सहभागिता कार्यक्रम में आँगनवाड़ी किट प्रदान करने वाले प्राणवीर सिंह इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी–20 किट, रामा मेडिकल कॉलेज एवं विश्वविद्यालय, कानपुर–17 किट, नारायणा मेडिकल कालेज एवं रिसर्च सेंटर–17 किट, आर0के0 जालान, एएफपीएल ग्लोबल प्रा0 लि0, कानपुर–10 किट, कानपुर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी, कानपुर–05 किट संस्थानों को मा0 कुलपति जी द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर आयुर्वेदाचार्य, डॉ0 वन्दना पाठक, उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 सीमा सिंह, विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी श्री0 अशोक कुमार त्रिपाठी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो0 नीरज कुमार सिंह, प्रो0 संदीप कुमार सिंह, डॉ0 प्रवीन भाई पटेल, डॉ0 संदेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी डॉ0 विशाल शर्मा, डॉ0 रश्मि गोरे, डॉ0 मानस उपाध्याय, डॉ0 स्नेह पाण्डेय, डॉ0 पुष्पा ममोरिया एवं डॉ0 पंकज द्विवेदी आदि उपस्थित थे।

———————

डॉ0 सीमा गुप्ता,
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361